प्रेषक,

**सहायक अभियंता,**
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–फतेहपुर।

सेवा में,

**मुख्य विकास अधिकारी,**
फतेहपुर।

पत्रांक : 69 /ग्रा0अ0वि0/विद्यालय–जॉच/2022–23 दिनांक : 22/4/22

विषय :– हंस ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल अहिरन खेडा विकास खण्ड मलवॉ, फतेहपुर की मान्यता (स्थायीकरण) हेतु नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप भवन के गुणवत्ता के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने कार्यालय पंत्राक–240–42/2022–23 दिनांक–12.04.2022 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा उपरोक्त विद्यालयों की नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप अधोहस्ताक्षरी को गुणवत्ता का परीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। उक्त के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक–20.04.2022 को सम्बन्धित विद्यालय का निरीक्षण किया गया–

विद्यालय की वर्तमान स्थिति निम्नवत् है–

01. विद्यालय भवन तीन मंजिला है, जिसमे भूतल पर 01 प्राधानाध्यपक कक्ष, 07 कक्षाकक्ष एवं बालक एवं बालिकाओं के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया है। प्रथम तल 09 कक्षाकक्ष एवं 01 स्टॉफ कक्ष का निर्माण कराया गया है। द्वितीय तल पर 09 कक्षाकक्ष एवं बालक एवं बालिकाओं के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया है। विद्यालय में प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर जाने हेतु दो शिढ़ियॉ बनायी गयी है, जो बच्चो की सुरक्षा की दृष्टि से सही है। विद्यालय भवन की छत एवं दीवारों का निर्माण कार्य सन्तोषजनक है तथा भवन में धूप एवं ठण्ड से बचाव के पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक कक्षा–कक्ष में खिड़की एवं दरवाजा लगाया गया है। प्रत्येक कक्षाकक्ष हवादार एवं रोशनीयुक्त है।
02. प्रत्येक कक्षा–कक्ष का क्षेत्रफल 180 वर्गफीट से अधिक है, जो नियमानुसार पर्याप्त है।
03. छात्र/छात्राओं तथा अध्यापक/अध्यापिकाओं के लिए पृथक–पृथक मूत्रालय, शौचालय एवं हैण्डवाश की सामुचित व्यवस्था की गयी है।
04. वर्तमान में विद्यालय में पेयजल की उचित व्यवस्था की गयी है।

यह भी अवगत कराना है कि वर्तमान में उपरोक्त विद्यालय की मान्यता 03 वर्ष पूर्व दी जा चुकी है तथा विद्यालय में पठन पाठन का कार्य प्रगति में है। आख्या आपकी सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय
S. Sinha
22-04-2022
**(सुजीत कुमार सिन्हा)**
सहायक अभियंता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–फतेहपुर।

Anil Kumar(D:\S K Sinha\S K Sinha Sir_Report.doc36

BSA
C.D.O
FATEHPUR
23-04-2022

301
28/04/22
प्रेषित
BSA

Attested
Principal
Hans Green Field Public School
Malwan, Fatehpur